हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026




### अब तक 17 समितियों में ही शून्य शार्टेज, कमीशन से होगी वसूली

# 78 समितियों का मिलान, 61 समिति में शार्टेज, 14 करोड़ का धान गायब!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की धान खरीदी समितियों में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है। धान खरीदी के आंकड़ों, परिवहन और मौके में मौजूद वास्तविक स्टॉक के बीच पिछले करीबन एक महीने से चल रहा मिलान कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। शासन के निर्देश पर हर साल होने वाली इस जांच में अब तक जो नतीजे सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं। अब तक जांच की गई 78 समितियों में से लगभग 80% समितियों में धान का शॉर्टेज यानी कमी पाई गई है। महज 17 समितियों में ही शून्य शार्टेज पाया गया है। जबकि अभी जिले की 18 समितियों की जांच होना बाकी रह गया है। इन समितियों में 45 हजार क्विंटल से अधिक धान का शार्टेज माना जा रहा है। जिसकी कीमत लगभग 14 करोड़ रुपए होती है। हालांकि इस बार जिले में शार्टेज की मात्रा कम करने के लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव ने काफी प्रयास किए है। उन्होने दोषियो पर एफआईआर भी दर्ज कराए है।

बड़ी बात यह है कि खरीदी के दौरान बंदरबांट करने वाले लोगों की बजाय समितियों से वसूली होगी। जिसके चलते किसानों की सहकारी समितियां कर्ज में चली जाएगी। इस पूरे मामले में जिले की कुल 96 समितियों में मिलान का कार्य किया जाना तय हुआ था। लगभग डेढ़ महीने पहले प्रशासन ने इस भौतिक सत्यापन और मिलान के कार्य की शुरूआत की थी। अब तक 78 समितियों की बारीकी से जांच पूरी हो सकी है। इसमें 78 समितियों में से 17 समितियों में शून्य शॉर्टेज पाया गया है, लेकिन बची हुई 61 समितियों में स्टॉक का बड़ा अंतर सामने आया है, जो सीधे तौर पर लापरवाही या गड़बड़ी की तरफ इशारा करता है। अधिकारियों ने बताया है कि आगामी सात से दस दिनों के भीतर जिले की सभी शेष समितियों में भी मिलान का कार्य पूरी तरह से संपन्न कर लिया जाएगा। इसके लिए विशेष टीमें लगातार ग्राउंड पर काम कर रही है।

> “धान खरीदी में प्रदेश के शीर्ष जिलों में रहने वाले राजनांदगांव जिले में इस बार भी धान का भारी-भरकम शार्टेज देखने को मिल रहा है। शासन की तमाम कोशिश के बावजूद जिले में करोड़ो रुपए का धान कम हो गया है। हालांकि मिलान की अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है, लेकिन अब तक जारी आंकड़ो में ही लगभग 14 करोड़ रुपए के धान का शार्टेज बताया जा रहा है।”

**खास बातें**

- जिले में कुल 96 समितियों के द्वारा की गई खरीदी
- शार्टेज मिलने के बाद उन समिति के कमीशन से होगी वसूली
- गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ प्रशासन ने लिया सख्त एक्शन



### समितियों से होगी वसूली खामियाजा भुगतेंगे किसान

सबसे बड़ी बात यह है कि ढ़ेरों समितियों में प्रबंधकों और वहां तैनात प्राधिकृत अधिकारियों ने मिलकर धान का जमकर बंदरबांट किया है। इस मिलीभगत की लगातार शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही थी। यहीं कारण है कि प्रशासन ने कार्रवाही भी की। इस बीच शासन द्वारा दोषियों से व्यक्तिगत तौर पर वसूली करने के बजाय सीधे समितियों के खाते से वसूली की जा रही है। इसका सीधा असर समितियों की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा। जिससे आम किसानों को मिलने वाली सुविधाएं और उनका लाभांश प्रभावित होगा।

### मिलान से सामने आएगी सच्चाई

जिले में जून के दूसरे पखवाड़े से ही समितियों के मिलान की शुरूआत कर दी गई थी। शुरूआती दौर में उन समितियों तक मिलान की टीमें पहुंची है, जहां पहले से ही शून्य शार्टेज की जानकारी सामने आई थी। जबकि विभागीय सूत्रों के अनुसार अब शेष समितियों में अधिकांश वह समितियां हैं, जहां शार्टेज मिलने की प्रबल संभावनाएं है। बताया गया कि अगले 7 से 10 दिनों में शत-प्रतिशत मिलान कार्य होने के बाद बड़ा मामला सामने आ सकता है।

### इन समितियों में जांच बाकी

मिली जानकारी के अनुसार 18 समितियों में मिलान कार्य बाकी है। इनमें देवकट्टा, उपरवाह, कुहीकला, जयसिंगटोला, खुज्जी, खुर्सीपार, घुमका, चारभाठा, छुरिया, छीपा, झिथराटोला, बागरेकसा, आतारगांव, कौहाकुड़ा, झिंझारी, मुरमुंदा, मोहारा, लालूटोला, साल्हेटोला एवं कनेरी समिति केंद्र शामिल है। कई समितियां मिलान के लिए नहीं आ रहे हैं।

### नहीं मिली राहत

ज्ञात हो कि समिति प्रबंधकों द्वारा शार्टेज में राहत देने की मांग की खबरें सामने आती रही है, लेकिन अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक सूखत में कोई राहत के निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। ऐसे में समिति प्रबंधकों को मिलने वाली कमीशन राशि से शार्टेज की पूरी वसूली की जाएगी। वहीं शून्य शार्टेज वाली समितियों को प्रोत्साहन करने राशि भी दी जाएगी।

### समितियों की चरमराएगी व्यवस्था

जिन समितियों में शॉर्टेज मिला है, उनका कमीशन रोकने के आदेश से समितियों के भीतर दैनिक खर्चों का संकट खड़ा होने की आशंका है। समितियों को मिलने वाले इसी लाभांश से वहां के कर्मचारियों का वेतन, बारदाने का रखरखाव और अन्य व्यवस्थाएं संचालित होती है। अगर यह पूरी राशि शॉर्टेज की भरपाई में चली गई तो आने वाले दिनों में समितियों का कामकाज पूरी तरह ठप हो सकता है। जबकि अधिकांश समितियों में व्यक्तिगत रूप से धान का वारा-न्यारा किया गया है। ऐसे में उनसे वसूली होनी चाहिए।

# तीन दिन में चार इंच बारिश से कोटा पूरा, नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जुलाई महीने के शुरूआती दिनों में बेहतर बारिश देखने के बाद लगे मानसून ब्रेक से पिछले कुछ दिनों ने राहत दिलाई है। करीबन दो सप्ताह तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से परेशान किसान और उमस से हलाकान आम लोगों को पिछले तीन दिनों में काफी राहत मिली है।

स्थिति यह है कि जुलाई के अंतिम 72 घंटों के भीतर क्षेत्र में लगभग चार इंच बारिश दर्ज की गई है। इस बेहतर वर्षा से क्षेत्र का पूरा परिदृश्य ही बदल गया है, जहां जलाशयों में जलस्तर बढ़ने के चलते उनसे पानी छोड़ने की स्थिति निर्मित हुई और गुरुवार को जिले के चार जलाशय से लगभग 32 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित मोहला-मानपुर जिले में भी बारिश के आंकड़े में काफी सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही मौसम विभाग द्वारा अगले कुछ दिन बारिश का यही दौर जारी रहने की बात कही गई है।

इस वर्ष मानसून की शुरूआत में बारिश की रफ्तार काफी धीमी थी। जिससे किसान असमंजस की स्थिति में थे। बोनी के काम में देरी हो रही थी और खेतों में नमी की कमी महसूस की जा रही थी। हालांकि जुलाई के अंतिम दिनों में मानसून ने जिस तरह से रफ्तार पकड़ी, उसने पुरानी सारी कसर पूरी कर दी है। खेतों में पानी भर जाने से अब किसान रोपाई और निंदाई के कामों में तेजी से जुट गए हैं।



### नांदगांव में औसत से अधिक वर्षा

नांदगांव जिले में मानसून की चाल सबसे अधिक संतोषजनक रही है। यहां अब तक लगभग 500 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा पिछले दस वर्षों के औसत के आधार पर देखा जाए तो 108 प्रतिशत तक पहुंच गया है। लगातार हुई इस बेहतर बारिश से जिले के जल स्रोतों में पर्याप्त पानी जमा हो गया है और खेतों में भी अच्छी नमी बनी हुई है।

### निचली बस्तियों में भरा पानी

बेहतर बारिश की वजह से जहां किसानों और आम लोगों को राहत मिली है। वहीं निचली बस्तियों में निवासरत लोगों के लिए मानसून की यह झड़ी आफत लेकर भी आई है। शहर से लेकर अंचल तक निचली बस्तियां इतनी बारिश से जलमग्न हो गई है। जिसके चलते लोगों को अपने घरों और दुकानों से पानी बाहर निकालने मशक्कत करनी पड़ी।

### खैरागढ़ में सामान्य, वनांचल पीछे

खैरागढ़ जिले में अब तक 365 मिलीमीटर बारिश हुई है। यह सामान्य से महज 5% कम है। यहां कृषि कार्यों के लिए आवश्यक पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। मोहला-मानपुर जिले में अब तक 461 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। यह आंकड़ा सामान्य बारिश की तुलना में लगभग 29 प्रतिशत पीछे चल रहा है।

### चार बैराज से छोड़ा गया पानी

लगातार बारिश से बैराज का जलस्तर बढ़ने के चलते मोंगरा बैराज से आज सुबह 11004 क्यूसेक, घुमरिया बैराज से 6170 क्यूसेक, सूखानाला बैराज से 8700 क्यूसेक और खातूटोला बैराज से 2093 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से शिवनाथ में बाढ़ की स्थिति है।

### सतर्क रहने कराई गई मुनादी

शिवनाथ नदी में पानी छोड़े जाने से नदी में बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदी किनारे गांव के लोगों को सतर्कता बरतने के लिए मुनादी भी कराई जा रही है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए लोगों को सावधान रहने कहा गया है। वहीं बाढ़ की स्थिति में नदी के किनारे जाने की मनाही की गई है।

# सावनः पहले दिन से शिवालयों में भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह प्रारंभ होते ही भगवान शिव भक्ति में भक्त जुट गए हैं। माहभर मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। कांवड यात्रा से लेकर भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा भी निकाले जाने की तैयारी है।

अंचल में सावन लगने के साथ ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का वातावरण बना हुआ है। पहले ही दिन से भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में होने लगी है। शहर के मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, महाकाल मंदिर सिंघोला, शिव मंदिर मोहारा, शिव मंदिर बांसपाईपारा, शिव मंदिर भरकापारा, कालीमाई मंदिर बस स्टैंड, बागेश्वर धाम मंदिर, सत्यनाराण मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति बनने लगी है।

इधर बाजार सहित मंदिरों के आसपास पूजा सामग्रियों की दुकानें सज चुकी है। वहीं बाजार में भी पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से पूजा सामग्रियों की मांग लोगों के बीच बनी हुई है। पूरे सावनभर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भगवान शिव भक्ति का वातावरण निर्मित है। भक्त पूजा-अर्चना सहित अभिषेक करने जुटे हुए हैं।



### शहर में निकलेगी चंद्रमोलेश्वर की पालकी यात्रा

महाकाल सेना एवं महाकाल मंदिर सिंघोला द्वारा उज्जैन की तर्ज पर भगवान महाकाल की यात्रा, पगड़ी यात्रा सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को दोपहर 1 बजे से भगवान महाकाल की यात्रा नंदई चौक से प्रारंभ होगी, जो इंदिरा नगर चौक, बांसपाईपारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुडाखू लाइन, गोल बाजार, मां लक्ष्मी मंदिर हमालपारा में विश्राम करेंगे। द्वितीय सोमवार 10 अगस्त को यात्रा दोपहर 1 बजे क्लब चौक बसंतपुर से होते हुए महामाया चौक, गांधीनगर, महेश नगर, कमला कॉलेज चौक, विश्राम भवन मार्ग, प्रभात नगर होते हुए लालबाग सिंधु भवन में विश्राम।

### तीसरी यात्रा 17 को


तृतीय सोमवार 17 अगस्त को यात्रा 11 बजे से ढाबा, शांतिनगर, चिखली, स्टेशनपारा, गौरीनगर में विश्राम, चतुर्थ सोमवार 24 अगस्त को दोपहर 1 बजे से सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर परिसर से यात्रा प्रारंभ होगी, जो फौव्वारा चौक जमातपारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेश पथ, लोहारापारा, मां काली शक्तिपीठ भरकापारा में विश्राम होगा। 31 अगस्त सोमवार को 11 बजे से मोहड, सिंगदई, हल्दी, सिंघोला, मां भानेश्वरी मंदिर में विश्राम, अतिरिक्त विशेष यात्रा 6 अगस्त को दोपहर 1 बजे से बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, ममता नगर, तुलसीपुर, लेबर कालोनी, संगम चौक तुलसीपुर में विश्राम करेंगे। उक्त यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी।

**माए एंगल**









## खबर संक्षेप

### बाबाधाम के लिए रवाना हुए शिवभक्त



**खड़गांव।** ग्राम के रूपेश गुप्ता, मनोज महाराज के नेतृत्व में 15 शिवभक्तों का जत्था बोल बम बाबाधाम के लिए रवाना हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी पहले सुल्तानगंज जाएंगे। वहां से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर लगभग 105 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए बाबाधाम पहुंचेंगे। मनोज महाराज ने बताया कि सभी शिवभक्त पूरे जोश और उत्साह के साथ जा रहे हैं। सभी शिवभक्तों को तिलक लगाकर फूलों के हार पहनाकर रवाना किया गया है।

### कारगिल विजय दिवस का आयोजन

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. संजय देवांगन के निर्देशन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1999 में सेना ने विषम परिस्थितियों में अद्वितीय वीरता, साहस एवं रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए विजय प्राप्त किया था। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. देवांगन ने कारगिल विजय दिवस मनाने के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदीप यादव एवं तामेश्वर साहू, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं, ने अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान कारगिल युद्ध से संबंधित वीडियो प्रदर्शित किया गया। अंत में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### शिशुमंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा




**एलबी नगर।** सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। सर्वप्रथम महर्षि वेदव्यास की पूजा अर्चना किया गया। पं. श्री राम शर्मा का चित्र पुष्पेंद्र भुआर्य ने बनाकर प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन, परीक्षा प्रभारी गणेशराम भोयर एवं दीदियों ने जीवन में गुरु का महत्व बताया।

गुरू के प्रति श्रद्धा का पर्व है गुरू पूर्णिमाः गांधी

### गुरु का स्थान सर्वोच्च



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुणवार को गुरूपूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अध्यक्षता रामकिशन माहेश्वरी ने की। विशेष अतिथि बूंदा वर्मा थी। गुरू पूर्णिमा पर्व का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजन, वंदना के साथ हुआ। शिवानी साहू ने गुरूजनों के सम्मान में भजन प्रस्तुत किया। दीपिका सहारे ने गुरु की महानता पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गांधी ने कहा कि यह पावन अवसर भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का प्रतीक है जिसमें गुरू का स्थान ईश्वर से श्रेष्ठ होता है। गुरू पूर्णिमा सम्मान, कृतज्ञता व्यक्त करने का अनुपम अवसर है। श्रीमती वर्मा ने गुरू की महत्ता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात समिति के पदाधिकारियों ने विद्यालय के आचार्य एवं दीदियों का सम्मान किया।

### अधिवक्ता मित्तल को मिली सदस्यता



**खडगांव।** हरिभूमि संवाददाता विजय जैन मित्तल ने वकालत की पढ़ाई कर ल इंडिया बार काउंसिल में शानदार सफलता हासिल किया था। गत 30 जुलाई को बार एसोसिएशन जिला बालोद ने श्री मित्तल को बैंड देकर बार एसोसिएशन का सदस्य बनाते हुए एडवोकेट परिवार में शामिल किया। उन्होंने सभी एडवोकेट को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

### छात्रों ने जाना सीड बाल बनाने का तरीका



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में छात्रों को सीड बॉल बनाना सिखाया गया। प्राचार्य टीएल देवांगन ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सीड बॉल को कई महीनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल इसे बनाने में किसी मशीन या खर्च की जरूरत नहीं पडती है। यह बंजर, ढलान वाली जमीन और जंगलों के पुनर्वनीकरण के लिए बेहतरीन है। व्याख्याता रेशमी साहू ने बताया कि इसे बनाने के लिए बारीक मिट्टी, गोबर की खाद, रूई, पेड़ों के बीज और पानी की आवश्यकता होती है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने बनाने की विधि बताया। व्याख्याता अजय पाठक ने तैयार सीड बॉल्स को सुखाने, उपयोग आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, नीलिमा रजक उपस्थित थी।

## खेतों में लबालब पानी भरने से किसानों को नुकसान

# आंधी तूफान से गिरे पेड़ टूटे बिजली के खंभे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला**

निकटवर्ती ग्राम खामतराई में बुधवार को चक्रवाती तूफान ने जमकर कहर बरपाया है। तेज हवा से जहां सैकड़ों पेड़ जड़ सहित उखड़कर धराशायी हो गए। बिजली के कई खंभे टूटकर गिर गए। भीषण बारिश से खेतों में लगी फसल के खराब होने की खबर है। वर्तमान तबाही के बाद किसानों को खेतों में गिरे झाड़ों की कटाई एवं सफाई करने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ेगा।

बुधवार को खामतराई में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जा रहा था। पर्व के कारण कोई भी खेतों में काम करने नहीं गया था, अन्यथा बारिश और चक्रवाती तुफान से अप्रिय घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तुफान काफी रफ्तार काफी तेज थी। भारी बारिश होने से फसलें खराब हो गई है साथ ही तालाबों एवं आसपास के घरों में पानी घुसने की जानकारी मिली है। तुफान और बारिश से कई लोगों को दिक्कतों का सामने करना पड़ा।

### खेतों की सफाई करने जुटे किसान



#### छप्पर उड़ा, रास्ता बंद

ग्राम के परशुराम साहू ने खलिहान में मवेशी बांधने के लिए शेड बनाया था जो तेज हवा उखड़ गया। मटिया मोती जलाशय के केनाल रोड में बड़ी संख्या में झाड़ उखाड़ने आवागमन बंद हो गया है। जगह-जगह कांटेदार वृक्ष फैले हुए हैं जिससे खेतों जाने वाले किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बारिश के बाद तालाबों, नदी, नालों एवं खेतों में लबालब पानी भर गया है वहीं खेती किसानी का काम ठप हो गया है।

#### किसानों को नुकसान

वर्तमान बारिश के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों को एक बार फिर खेतों में खाद और दवाई डालना पड़ सकता है जिससे उन्हे आर्थिक नुकसान होगा।

#### बिजली की चमक ने डराया

**डोंगरगढ़।** हवा और लगातार बारिश के बाद बुधवार रात पूरे क्षेत्र की लाईट गुल रही। इसी बीच मोबाईल में भारी बारिश होने की संभावना वाला मेसेज आने के बाद लोगों में दहशत का माहौल बन गया था। वहीं शाम5 से 6 बजे के बीच बिजली की कड़क और चमक ने लोगों को डरा दिया। क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया है। मौसम बदलने के साथ सर्दी, खासी के मरीज तेजी से बड़े हैं।

## कटली मार्ग बदहाल



**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

कलकसा से कटली मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटना होने की आशंका भी बनी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत के नाम पर केवल औपचारिकता पूरा किया है। सड़क पर गिट्टी और बजरी डालकर मरम्मत कर दिया गया, जो बारिश के बाद बह गई और सड़क पहले जैसे हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कई गांवों को जोड़ने वाले इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और मालवाहक वाहन गुजरते हैं। सड़क के जर्जर होने से चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने सड़क का टिकाऊ निर्माण कराने की मांग की है।

### रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने की मांग



**डोंगरगढ़।** क्षेत्र की जन-समस्याओं को लेकर विधायक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान जिला इंका महामंत्री विजयराज सिंह, पंचराम चंदेल, सुरेश सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे। विधायक ने तीन प्रमुख समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि बाईपास निर्माण के दायरे में आने वाले 17-18 गांवों की जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। विधायक ने कहा कि जो जमीनें निर्माण क्षेत्र के बाहर हैं, उन पर लगा प्रतिबंध तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि डोंगरगढ़ शहर में नजूल भूमि की वैधता समाप्त होने के कारण हस्तांतरण, नामांतरण और रजिस्ट्री प्रक्रिया ठप है। शहरवासियों को लोन नहीं मिल रहा है। उन्होंने वैधता का तत्काल नवीनीकरण करने की मांग की।

## लाखों के प्रस्तावित निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव**

ग्राम में 4 लाख की लागत वाली सीसी रोड और 4 लाख के सामुदायिक भवन का विधायक इंदशाह मंडावी ने भूमिपूजन किया। उन्होंने इस दौरान मानपुर क्षेत्र के 7 गांवों में लगभग 56.50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया उसमे दिघवाड़ी में यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, हथरा यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, शीतला मंदिर सामुदायिक भवन में आहाता 4 लाख, खरदी में रंगमंच 2.50 लाख, खड्गांव में सीसी रोड 4 लाख, सामुदायिक भवन 4 लाख, पुसेवाड़ा में यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, सामुदायिक भवन 5 लाख, मुरारगोटा में शेड 2 लाख, बोरिया में यात्री प्रतीक्षालय 7.50 लाख, महिला सामुदायिक भवन 5 लाख शामिल है।

#### रेस्ट हाऊस में पौधरोपण

बंगला बोरिया रेस्ट हाउस में श्री विधायक आदि ने कटहल, बादाम, आम, अमरूद, गुलमोहर आदि पौधों का रोपण किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद कोरेटी, जिपं सदस्य रेखा कोठारी, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, जनपद सदस्य सईदा खान, नीतू प्राचापी, सरपंच करण बोगा, संतोषी, तिलक तुमरेटी, रमिला धुर्वे, रतिराम मंडावी, अंजनी दरों, सुरेखा सोरी, सत्यदेवी टेकाम, प्रीति कोठारी, मानसिंह टेकाम, शिवप्रकाश शर्मा, नवल मंडावी, बृजलाल डुग्गा, ललित ठाकुर, हीरालाल धुर्वे, सुखुराम तोपा, रामदयाल गावड़े, गजराज धुर्वे, भगवान निषाद, धर्मेंद्र साहू, रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### सोसायटी कार्यालय में बढ़ी लापरवाही

**डोंगरगढ़।** शहर की कई राशन दुकानों में गड़बड़ी और मार्केटिंग सोसायटी में व्यवस्था के नाम पर अनाप शनाप खर्च का खुलासा होने के बाद तत्कालीन अधिकारी का स्थानांतरण कर दिया गया। तीन माह पहले नई महिला कर्मचारी की पदस्थापना हुई है किन्तु पिछले 3 माह से सोसायटी कार्यालय के खुलने और बंद होने को कोई समय तय नहीं है। बताया जाता है कि वर्तमान अधिकारी कभी कभार ऑफिस पहुंचती है। कार्यालय एक चौकीदार के भरोसे संचालित हो रहा है। विभागीय दस्तावेज व फाईलो का संधारण भी चौकीदार करता है। अधिकारी यदा कदा केवल हस्ताक्षर करने आती है।




### वरदान साबित हो रहा धर्मार्थ चिकित्सालय

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति लोगों में धार्मिक आस्था संवर्धित करने के साथ उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। समिति अपनी कार्ययोजना के अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन करने के अलावा युवाओं को उच्च शिक्षा की सुविधा मुहैया कराने जुटी है।

समिति द्वारा 100 बिस्तर वाला अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर शुरू किया गया जिसमें विभिन्न सर्जन के अलावा रोगों की जांच और उपचार के लिए विभिन्न आधुनिक मशीने उपलब्ध है। समिति स्वास्थ्य सुविधा को विस्तार के प्रयास में लगी है। समिति की इस पहल का लाभ शहर के लोगों को मिलता नजर आ रहा है। ट्रस्ट समिति ने आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत लोगों का निःशुल्क इलाज करने की शुरूवात की है। जल्द ही धर्मार्थ चिकित्सा केन्द्र में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलने लगेगी। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र शहर से दूर हो गया है जिससे लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। आम लोगों के लिए बम्लेश्वरी अस्पताल एक अच्छा विकल्प बन गया है।

## महिलाओं की ताकत से बदलेंगे गांव

### कुमर्दा की वार्षिक आमसभा में पहुंची एसपी अंकिता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया**

कुमर्दा में समृद्धि आजीविका संकुल संगठन ने वार्षिक आमसभा का आयोजन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि रविन्द्र वैष्णव, हिरदे देवांगन, कोमल सिन्हा, सरपंच नुनकरण भुआर्य, विजय कोसमा, कांतिलाल साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, किसन साहू, नवीन साहू, टिकेश्वरी साहू, प्रभा नायक, बिजमा विश्वकर्मा, लता चंन्द्रवंशी, पूनम निषाद, फनेश्वरी साहू, अनिता साहू, शामकली, रुपेश्वरी थी।

उक्त मौके पर एसपी सुश्री अंकिता शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं केवल परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं निर्णय लेने की शक्ति का भी विकास करता है। उन्होंने महिलाओं से साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा तथा बालिका संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूक रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं जागरूक और आत्मनिर्भर होंगी तो पूरा समाज सुरक्षित, सशक्त और विकसित बनेगा। अध्यक्षता कर रही श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। समूहों ने हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें सामाजिक नेतृत्व का मौका दिया है। महिलाएं व्यवसाय कर आय बढ़ाने के साथ गांव के विकास में भी योगदान दे रही हैं।



#### संगठन की गतिविधियों पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान संकुल संगठन का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन, आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया। महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। महिला समूहों ने उत्कृष्ट कार्यों, सफल आजीविका गतिविधियों एवं नवाचारों की जानकारी साझा की।

## धर्म से ही जीवन का कल्याणः आज्ञांजना श्रीजी

# दुनिया की चिंता छोड़ खुद को बदलें

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**

प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में छोटे छोटे नियम अवश्य लेना चाहिए, क्योंकि यही नियम जीवन में बड़े परिवर्तन लाते हैं। यह बातें श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में आयोजित धर्मसभा में साध्वी आज्ञांजना श्रीजी म.सा. ने कही। उन्होंने शरीर को नश्वर बताते हुए कहा कि केवल बाहरी सजावट तक सीमित न रहकर संकल्प, नियम और जिनवाणी के अमृत से अपने जीवन को निखारने का प्रयास करें।

चातुर्मास के निमित्त से विराजित साध्वीश्री ने कहा कि चातुर्मास का यह पावन काल सत्संग रूपी नैया में बैठकर परमात्मा की वाणी को जीवन के रोम-रोम में बसाने का अवसर है। अशुभ विचारों का त्याग कर शुभ विचारों को अपनाने से ही जीवन में परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि केवल जैन कुल में जन्म लेने से कोई श्रावक नहीं बन जाता। श्रावक बनने के लिए आगम में वर्णित श्रावक के 36 कर्तव्यों का पालन करना आवश्यक है।



#### बदले दृष्टकोण

गौतम स्वामी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जब तक मनुष्य अपने अहंकार और अज्ञान का त्याग नहीं करता, तब तक ज्ञान के द्वार नहीं खुलते। गौतम स्वामी ने विनम्र होकर भगवान महावीर की शरण ग्रहण की तब उनके संशयों का समाधान हुआ इसलिए व्यक्ति को अपनी सोच, वृत्ति और दृष्टिकोण बदलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कि संसार को बदलने का प्रयास निरर्थक है। कोई भी संसार को नहीं बदल सका है। परिवर्तन लाना है तो स्वयं से शुरुआत करें। पूर्व जन्मों के शुभ कर्मों से मनुष्य जन्म मिला है इस जीवन में आराधना, स्वाध्याय और सदाचार को अपनाए तो आगामी भव भी सुगम बन सकता है।

#### कार्य से परिणाम पर करें विचार

उन्होंने कहा कि मनुष्य लाभ-हानि का तो पूरा ध्यान रखता है, लेकिन भव-भव के लाभ और हानि पर विचार नहीं करता। जितनी अधिक भौतिक सुविधाएं बढ़ती है, उतने ही कर्मों का बंधन भी बढ़ता है, इसलिए कोई भी कार्य करने से पहले उसके परिणामों पर विचार अवश्य करें। अध्यात्म का मार्ग कभी घाटे का सौदा नहीं होता। धर्म को आचरण का हिस्सा बना लिया जाए तो जीवन का कल्याण निश्चित है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जीवन सफल बनाते हैं गुरू



**एलबी नगर।** श्री मद भागवत सेवा संस्थान कोहका ने श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ बुधवार को गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन दादा गुरुदेव भगवान को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनकी पावन स्मृतियों का वंदन किया।पूज्यनीय दादी के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मनोज पुष्प महाराज के श्रीचरणों की पूजा कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गुरु-भक्ति, सेवा, संस्कार एवं सनातन धर्म के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा, विनम्रता और समर्पण ही जीवन को सफल बनाते हैं। गुरु पूजन, भजन-कीर्तन, सत्संग, आध्यात्मिक प्रवचन एवं जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था अलखराम सूर्यवंशी और सेवा संस्थान की ओर से की गई। अंत में महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### साइकिल मिलने से छात्राओं की राह हुई आसान



**छुईखदान।** कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना संचालित कर रही है। शासन की इस दूरदर्शी योजना का उद्देश्य है कि दूर दराज से आकर गांव की बेटियां बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में कक्षा नवमीं की छात्राओं को गत दिनों इसी योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक पाल, सरपंच दिवाकर सोनी आदि उपस्थित थे। उन्होंने सभी छात्राओं को सायकल प्रदान किया। सायकल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सीआर श्रीवास, व्याख्याता डॉ सियाराम साहू,चंद्रेश जंघेल, प्रियंका श्रीवास्तव, रमेश मंडावी, वर्षा साहू,तनुजा नागदेवे,रितेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज में भव्य आयोजन

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के विकसित भारत @2047 के संकल्प को गति देने एवं युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम-नशा मुक्त भारत का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विकसित भारत युवा सांसद विजेता छत्तीसगढ़ दीपांशु नेताम व हार्टफुलनेस नशामुक्त वारियर प्रियम श्रीवास्तव उपस्थित रही। अतिथि के रूप में राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, समाजसेवी कांति मौर्य, डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, प्राचार्य डॉ. रचना पांडे, प्रो. विजय मानिकपुरी सहित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने कई रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विजय मानिकपुरी ने किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जगाते हैं और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने प्रेरित करते हैं।
नशामुक्त वारियर प्रियम श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब हमारा युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। नशा हमारे सपनों का सबसे बड़ा दुश्मन है।
पूर्णिमा साहू ने ध्यान एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से नशे से मुक्ति के उपाय बताए।

## विस अध्यक्ष ने नवीन गौछाया परिसर का किया लोकार्पण

# गौशाला के लिए 75 लाख रुपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज श्री गौशाला पिंजरापोल राजनांदगांव में नवीन गौछाया परिसर के लोकार्पण तथा चिकित्सा परिसर एवं गौचारा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राज्य शासन की ओर से गौशाला के विकास के लिए 75 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने की। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव तथा राज्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव को संस्कारधानी इसलिए कहा जाता है, जब कोई घटना हो जाती है। उस घटना से एक बड़ा निर्णय निकलकर आता है, जो गौमाता के संवर्धन और संरक्षण के लिए होता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1904 में एक मार्मिक घटना के बाद स्वर्गीय रामलाल चोपड़ा ने गौशाला स्थापना का संकल्प लिया और समाज के सहयोग से इसकी शुरूआत हुई। आज 122 वर्षों की यह यात्रा जनसेवा, गौसंवर्धन और समाज की सहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है। उन्होंने गौशाला के विकास में भूमि, संसाधन एवं आर्थिक सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं का उल्लेख करते उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से यह गौशाला आज प्रदेश की सबसे सशक्त एवं समृद्ध गौशालाओं में शामिल है।




### प्रदेश के लिए मॉडल गौशाला : पशुपालन मंत्री

कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यहां समाज का जुड़ाव, दानदाताओं की सहभागिता तथा गौसेवा के प्रति लोगों की संवेदनशीलता अनुकरणीय है। उन्होंने गौधाम योजना का उल्लेख करते कहा कि राज्य शासन गौसंरक्षण एवं गौसेवा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मंत्री रामविचार नेताम ने गौशाला में संचालित चिकित्सा सुविधाओं, पशु उपचार, शल्य चिकित्सा तथा प्रस्तावित आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि गौशाला में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजे जाएं, जिन पर शासन स्तर पर सकारात्मक कार्यवाई की जाएगी। कार्यक्रम में गौशाला के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए अनेक समाजसेवियों एवं दानदाताओं ने उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग की घोषणा की। अतिथियों ने गौसेवा एवं गौसंरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी सहयोगियों की सराहना करते इसे समाज की साझा जिम्मेदारी बताया।

### मंत्री नेताम ने दिए निर्देश

मंत्री श्री नेताम ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशाला में नियमित रूप से पशु चिकित्सकों एवं पशु चिकित्सा सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गौवंश को समय पर उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम को अध्यक्ष राज्य गौसेवा आयोग विशेषर सिंह पटेल, महापौर मधुसूदन यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष गौशाला पिंजरापोल खूबचंद पारख ने स्वागत उद्बोधन देते हुए श्री गौशाला पिंजरापोल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# दपका और मुड़भादुर में सीसी रोड निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



■ जिला खनिज संस्थान न्यास मद से मिली स्वीकृति

जिला पंचायत क्षेत्र जालबांधा के ग्राम दपका और मुड़भादुर के ग्रामीणों को अब सालो पुरानी सडक़ समस्या से राहत मिलने जा रही है। जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह के लगातार प्रयासों से जिला प्रशासन ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से दोनो गांवों में शासकीय विद्यालय से मुख्य मार्ग तक सीसी रोड निर्माण के लिए कुल 4.50 लाख की स्वीकृति दी है।

दपका स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व ग्राम मुड़भादुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला से मुख्य मार्ग तक सडक़ कच्ची होने के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता था। साधारण बारिश में भी गड्ढों में पानी भर जाने से पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता था। स्कूली बच्चों को साइकिल से उतरकर कीचड़ में पैदल स्कूल जाना पड़ता था। वहीं ग्रामीणों को रात के समय घर के जरूरी सामान लाने-ले जाने में भी काफी परेशानी होती थी। दुपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को गड्ढों और जलभराव के कारण आवागमन में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणो ने यह समस्या जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के समक्ष रखी थी। इसके बाद उन्होंने लगातार जिला प्रशासन के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठाया। समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सीसी रोड निर्माण को लेकर दपका में 3 लाख और मुड़भादुर में 1.50 लाख की स्वीकृति दी है। उक्त स्वीकृति पर जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने ग्रामवासियों व शाला में पदस्थ सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों की ओर से जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# जिले में आदि अमितान अभियान से बैगा समुदाय तक पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय को गुणवत्तापूर्ण व सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने और बैगा समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति की समय पर स्वास्थ्य जांच कर गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में आदि अमितान पीएम जनमन यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है। कलेक्टर व जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल निर्देशन व सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में अभियान तहत बैगा बहुल क्षेत्रों में विभागीय अमला घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. मनीष बघेल व बीपीएम बृजेश ताम्रकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग व आदि अमितान की संयुक्त टीम 38 ग्रामों में निवासरत 4 हजार 819 बैगा जनजाति परिवार तक पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध करा रही है।



### हो रही व्यापक स्क्रीनिंग

अभियान तहत प्रत्येक हितग्राही का व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। साथ ही मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सिकल सेल रोग, एनीमिया, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर, मोतियाबिंद, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग सहित अन्य प्रमुख बीमारियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। जांच दौरान आवश्यकतानुसार मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है वही गंभीर स्थिति होने पर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जा रहा है। अभियान दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी 0 से 2 साल का बच्चा और गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवा व नियमित टीकाकरण से वंचित न रहे। छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच की जा रही है। गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित मरीजों को जिला प्रशासन द्वारा संचालित निशुल्क आदि आरोग्य रथ के माध्यम से उच्च स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाकर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे दूरस्थ बैगा बस्तियों के लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा सेवा मिल रही हैं।

### 1,109 हितग्राहियों की जांच, 27 मरीजों को किया गया रेफर

अभियान अंतर्गत 1 हजार 109 बैगा हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच कर उनका व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रोफाइल तैयार किया जा चुका है। जांच के दौरान 27 मरीजों को उच्च उपचार के लिए रेफर किया गया, जिनमें 18 उच्च रक्तचाप के मरीज, 1 पीएफ मलेरिया व 8 एनीमिक गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। सभी को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों में भर्ती कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। आदि अमितान अभियान के माध्यम से दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके घर के निकट ही स्वास्थ्य जांच, परामर्श, उपचार व रेफरल जैसी आवश्यक सुविधा समय पर उपलब्ध हो रही हैं और उनके स्वास्थ्य स्तर में सकारात्मक सुधार सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सट्टा लिखते एक आरोपी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने सट्टा कारोबार में लिप्त एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नगदी रकम, सट्टा-पट्टी और पेन जब्त किया है। जानकारी के अनुसार अपराध पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ढाबा रोड लिमों में एक व्यक्ति अपने घर के सामने अवैध रूप से अंकों पर रुपयों-पैसों का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। पुलिस टीम ने फौरन कार्रवाई करते हुए गवाहों को साथ घेराबंदी कर आरोपी को सट्टा लिखते हुए धर दबोचा। आरोपी ने पूछताछ करने पर अपना नाम सलमान अहमद पिता समीम अहमद निवासी लिमों बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 नग सट्टा-पट्टी, एक नीला डॉट पेन और नगदी 3 हजार बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक कांग्रेस चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी

## प्रत्याशी सत्येन्द्र चेलक हुए कार्यकर्ताओं से रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सत्येंद्र चेलक छुईखदान पहुंचे, जहां युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आयोजित बैठक में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि युवाओं को एकजुट होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभानी होगी। देवराज किशोर दास ने कहा कि युवा शक्ति ही देश की पहचान है। स्वच्छ राजनीति और मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला इंका अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का है और देश की बागडोर भी युवाओं के हाथों में होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लगातार युवाओं को नेतृत्व में आगे ला रहे हैं, इसलिए युवाओं को भी संगठन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।



गिरिराज किशोर दास ने कहा कि युवक कांग्रेस का चुनाव नींव को मजबूत करने वाला है। यह केवल पद का चुनाव नहीं, बल्कि युवाओं के प्रतिनिधित्व का मौका देने का अवसर है। उन्होंने अधिक से अधिक नए युवाओं को संगठन से जोड़ने और मतदान करने की अपील की। जिला इंका महामंत्री सज्जाक खान ने युवाओं को आगे आने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। हमे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ना होगा जो आगे

### युवाओं के लिए लड़ेंगे: चेलक

अनुप वर्मा ने कहा कि श्री चेलक एक जुझारू और सक्रिय नेता हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि आगामी पांच दिनों के भीतर अधिक से अधिक युवाओं का मतदान सुनिश्चित कर उन्हें विजयी बनाएं। प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्री चेलक ने कहा कि युवक कांग्रेस परिवार ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की लड़ाई वे हमेशा लड़ते रहेंगे। उन्होंने सभी युवा साथियों से अधिक से अधिक मतदान कर सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें नेतृत्व का अवसर मिलता है तो वह संगठन और युवाओं के हित में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम में कोमल साहू, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, तारकेश्वर शाह खुसरो, सज्जाक खान, रिंकू गुप्ता, नदीम मेमन, राजा सोलंकी, अमन सोनी, कोमल देवांगन, मनीष कोचर, इशू दुबे, मानव झा, अभिनव टंडन, गोपेन्द्र सिंह कुंजाम सहित युवक कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्राओं का स्कूल पहुंचना हुआ आसान



**सड़क अतरिया।** हाईस्कूल रामपुर में बुधवार को कक्षा नवमी के बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति हेमलता मंडावी थी। कार्यक्रम में सरपंच सुलोचना मेरावी, निजाम सिंह मंडावी, पारस ठाकरे, खेमचंद शहरे, ओमकार यादव, शत्रुघ्न मेरावी, धन सिंह पटेल, भूजल सहरे, बिजेलाल, ज्ञानदास, गोवर्धन सहरे, प्राचार्य दशरथराम पटेल, कन्हैया मरकाम, गन्नूराम, यशोदा नेताम, लेखराम, गोलेश्वर वर्मा, विशेष कुर्रे, वीरेंद्र चौरे, ज्ञानेंद्र चंद्रवंशी, निशांत वर्मा, मनोज मरकाम सहित अन्य मौजूद थे। इसी क्रम में

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में छात्राओं को सायकल दिया गया। ।कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक पाल, सरपंच दिवाकर सोनी ने छात्राओं को सायकल प्रदान किया। इस दौरान प्राचार्य सीआर श्रीवास, व्याख्याता डॉ सियाराम साहू,चंद्रेश जंघेल, प्रियंका श्रीवास्तव, रमेश मंडावी, वर्षा साहू, तनुजा नागदेवे, रितेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कोच हीरू का सम्मान




**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री में गुरु पूर्णिमा अवसर पर शाला परिवार द्वारा राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हीरु साहू का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला के मैनेजिंग डॉयरेक्ट कमलेश उभरानी व प्राचार्या भारती गौते ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 3 राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल हुए, जिन्होंने अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को खेल एवं शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

## गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व पर अभियान

# संत गुरु रविदास का समरसता का संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक : विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता मे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने संत रविदास के विचारों को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सदियों पहले था।

विक्रांत सिंह ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन, दर्शन और वाणी के माध्यम से समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकता के सूत्र में पिरोने की प्रेरणा दी। उनका पूरा जीवन समाज में समान अवसर, सामाजिक न्याय और समरसता का जीता-जागता प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक मजबूत, समृद्ध और संगठित समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान के तहत हर घर तक गुरु रविदास के विचारों को पहुंचाने का कार्य करें।




### 29 जुलाई से फरवरी 2027 तक चलेगी कार्यशाला

संगठन की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संत रविदास के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अभियान तहत 29 जुलाई से शुरू होकर फरवरी 2027 तक विभिन्न स्तरों पर समरसता संकल्प अभियान कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बीच संवाद स्थापित करना, आपसी समरसता बढ़ाना और राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करना है। केंद्र सरकार और भाजपा की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास, अधिकार और सम्मान पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। देश के संतो और महापुरुषों की शिक्षाओं को समाज में पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, शशांक ताम्रकार, आयश सिंह, गिरजा चंद्राकर, नंद चंद्राकर, आलोक श्रीवास, रोहित वर्मा, यतीश साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एससीईआरटी आठवीं की पुस्तक में शामिल हुई कलाकार दंपत्ति की शैल-कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी खैरागढ़ की कला प्रतिभा को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रकाशित कक्षा आठवीं की सहायक वाचन पुस्तक के गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क पाठ में कलाकार दंपति धरम नेताम व मनीषा नेताम द्वारा निर्मित शैल-कलाकृतियों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है।



किसी शैक्षणिक पाठ्यपुस्तक में स्थानीय कलाकारों की कृतियों का शामिल होना न केवल उनके लिए सम्मान की बात है, बल्कि पूरे खैरागढ़ की कला परंपरा के लिए भी गौरव का विषय है। गौरतलब है कि मनेंद्रगढ़ स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क आज देश के सबसे अनूठे जीवाश्म स्थलों में अपनी अलग पहचान रखता है। करोड़ों वर्ष पुराने समुद्री जीवाश्मों के बीच विकसित इस पार्क को कलात्मक रूप देने में कलाकार दंपति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पार्क में प्राकृतिक चट्टानों पर उकेरी गई 37 विशाल शैल-कलाकृतियां नेताम दंपत्ति की रचनात्मक कल्पना, तकनीकी दक्षता और कठिन परिश्रम का परिणाम हैं। इन कलाकृतियों में डायनासोर, समुद्री जीवों और प्रागैतिहासिक जीवन की झलक अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत की गई है।

### चट्टानों में उकेरी कृतियां

कलाकार धरम नेताम ने बताया कि इस परियोजना पर कार्य करना किसी चुनौती से कम नहीं था। प्राकृतिक चट्टानों को बिना उनकी मूल संरचना को नुकसान पहुंचाए कलात्मक रूप देना बेहद कठिन कार्य था। उन्होंने बताया कि करीब 90 दिनों की लगातार मेहनत, धैर्य और समर्पण के बाद इन कलाकृतियों को अंतिम स्वरूप दिया जा सका। हर शिल्प को तैयार करने से पहले जीवाश्मों, प्रागैतिहासिक जीवों और उनके वैज्ञानिक स्वरूप का अध्ययन किया गया ताकि कला के साथ-साथ वैज्ञानिक तथ्य भी सुरक्षित रह सकें। धरम और मनीषा नेताम दोनों ने राजकुमारी इन्दिरा कला संगीत विवि से अपनी कला शिक्षा प्राप्त की है। दोनों ने यही बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स करने के बाद मूर्तिकला मे मास्टर ऑफ आर्ट्स की उपाधि हासिल की। विवि में अर्जित मूर्तिकला की शिक्षा और सालों के अभ्यास ने उन्हें बड़े पैमाने पर शैल-शिल्प निर्माण की विशेष दक्षता प्रदान की जिसका उत्कृष्ट उदाहरण गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क में देखने को मिलता है। लंबे समय से देश की कला और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बने राजकुमारी इन्दिरा कला संगीत विवि ने देश को अनेक प्रतिष्ठित कलाकार दिया हैं। नेताम दंपत्ति की यह उपलब्धि उसी समृद्ध परंपरा की एक नई कड़ी है। उनकी कलाकृतियों का राज्य की पाठ्यपुस्तक में शामिल होना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और विद्यार्थियों को यह संदेश देगा कि समर्पण, रचनात्मकता और निरंतर अभ्यास से स्थानीय प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क में निर्मित शैल-कलाकृतियों के माध्यम से कला, इतिहास, विज्ञान और प्रकृति का अद्भुत संगम दिखेगा और लाखों विद्यार्थी इस विरासत, जीवाश्मों के महत्व और खैरागढ़ के कलाकारों की सृजनात्मक भूमिका से परिचित होंगे।

## सार समाचार



### विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम में होंगे शामिल

**राजनांदगांव**। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव प्रवास के दौरान कल 31 जुलाई को सुबह 11.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में शामिल होंगे।

### राज्य स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में गुरुनानक स्कूल का दबदबा

**राजनांदगांव**। जशपुर में 26 से 29 जुलाई तक आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते दुर्ग संभाग को ओवरऑल चैम्पियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा सहित प्रदेश के पांच संभागों की टीमों ने भाग लिया। हॉकी स्पर्धा के अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक एवं अंडर-17 बालिका वर्गों में दुर्ग संभाग की टीम ने सभी मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते अपने प्रतिद्वंद्वी दलों को 8 से 10 गोल के बड़े अंतर से पराजित किया और सभी वर्गों में विजेता बनकर ओवरऑल चैम्पियनशिप अपने नाम किया।



इस उपलब्धि में अनुराज श्रीवास्तव, योगेश द्विवेदी, अशोक मेहरा, अभिनव मिश्रा एवं महिमा यादव का विशेष योगदान रहा। टीम की इस शानदार सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रभास बघेल, गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल के डायरेक्टर जरनैल सिंह भाटिया, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र ठाकुर, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, भूषण साव, नीलमचंद जैन सहित खेल एवं शिक्षा जगत से जुड़े अनेक पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधन को शुभकामनाएं दी।

### पौधरोपण और रक्तदान कर मनाया बर्थडे

**राजनांदगांव**। ममता नगर के आनंद विहार कालोनी के उद्यान में बुधवार को महापौर मधुसूदन यादव ने विभिन्न प्रजातियों के 52 पौधे लगाए। छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन, पूर्व पार्षद मुकेश बघेल, भाजपा नेता मयूर टांक और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।



इस दौरान कालोनी की महिलाओं ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद बालाजी ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में युवाओं ने रक्तदान भी किया।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव संपन्न, 14 पदों पर निर्वाचन

# नारायण बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए आज मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। 14 पदों पर हुए इस चुनाव में अध्यक्ष, महिला-पुरूष उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। बुधवार को जिला न्यायालय परिसर में मतदान संपन्न होने के बाद आज अधिवक्ता संघ चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुणेन्द्र साव की उपस्थिति में मतों की गणना की गई। जिसमें जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद के लिए नारायण कनौजे अपने निकटतम प्रत्याशी आदित्य श्रीवास्तव को 205 मतों से परास्त कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर लगभग 1 महीने से चुनाव का माहौल बना रहा है। सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में जमकर प्रचार-प्रसार किया। 655 मतदाता वाले अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए 579 मत पड़े थे और लगभ 84 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। चुनाव प्रचार-प्रसार में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नारायण कनौजे को वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भरपूर समर्थन मिला। सभी की निगाह अध्यक्ष पद पर टिकी थी। नारायण कनौजे सहित अन्य पदों के उम्मीदवारों की जीत के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का न्यायालय परिसर में फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान आपसी सद्भाव का वातावरण बना रहा।



### सदस्य हुए निर्वाचित

अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर नारायण कन्नौजे, पुरूष उपाध्यक्ष पद पर अमिताप कुमार, महिला उपाध्यक्ष पद पर सुश्री जया श्रीवास्तव, सचिव पद पर संतोष रजक, सह सचिव पद पर महेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद पर सुश्री सुषमा चौहान और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुरूशंकर नेताम, नरेश कुमार गंजीर, संजीव श्रीवास्तव एवं सुरेन्द्र सिंह ठाकुर निर्वाचित हुए।

### तीन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में तीन पदों के लिए सिंगल नाम होने की वजह से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर नरेन्द्र सेन, ग्रंथालय सचिव पद पर गज्जू लाल सेन और कार्यकारिणी महिला सदस्य के लिए श्रीमती अंजू बारले, सुश्री प्यारी सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसकी घोषणा मतगणना के दौरान की गई।

### निकटतम प्रत्याशी को किया परास्त

अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अरूण कुमार अनोखे को 19, आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव को 146, नारायण कन्नौजे को 351, यमन कुमार देवांगन को 60 मत मिले, वहीं 3 मत अवैध हुए। उपाध्यक्ष पद पुरूष के लिए अमिताप कुमार श्रीवास्तव को 178, अशोक देवांगन को 18, मोरध्वज साहू को 107, राधेश्याम बंजारे को 86 और विनोद कुमार ठाकुर को 174 मत मिले, वहीं 16 मत अवैध हुए। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए सुश्री जया श्रीवास्तव को 296, श्रीमती वीणा साहू को 265 मत मिले, वहीं 18 मत अवैध हुए। सचिव पद के लिए दोहन सिंह टंडन को 66, रवि कुमार बोधानी को 140, संतोष रजक को 353 मत हासिल हुए वहीं 23 अवैध हुए। सह-सचिव पद के लिए महेन्द्र सिंह ठाकुर को 371, पंकज कुमार गुप्ता को 185 मत मिले, वहीं 23 मत अवैध हुए। कोषाध्यक्ष महिला आरक्षित पद के लिए स्मिता गुप्ता को 189, सुश्री सुषमा चौहान को 366 मत मिले व 24 मत अवैध हुए। इसी तरह कार्यकारिणी पुरूष सदस्य के लिए गुरूशंकर नेताम को 343 मत, नरेश कुमार गंजीर को 313, संजीव श्रीवास्तव को 353, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर को 339 मत मिले वहीं 16 मत अवैध हुए।

## चाकू लहराया, पकड़ा गया

**राजनांदगांव**। सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक 29 जुलाई की संध्या चिखली रमन बाजार तालाब पार हनुमान मंदिर के पास चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर आरोपी मनोज यादव 27 साल चिखली रमन बाजार तालाब के नीचे को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर पेश किया गया।

### निधन



**अलख साहू**

**राजनांदगांव**। ग्रीन सिटी निवासी अलख राम साहू का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास ग्रीन सिटी से कल 31 जुलाई को सुबह 10 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## 25 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी युवक पकड़ा गया

■ बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव**। अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है। वहीं हो-हंगामा करने वाले अनावेदक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी शराब बिक्री हेतु ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर शिवा सिन्हा को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 25 पौवा देशी शराब कीमती 2,500 रुपए तथा बिक्री रकम 300 रुपए बरामद कर जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

इसी दौरान इंदिरा नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग कर हंगामा कर रहे गोपेन्द्र साहू के विरुद्ध धारा 170, 126(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया।






## खबर संक्षेप

### बलबीर विश्वकर्मा लाल बहादुर शास्त्री अवार्ड से सम्मानित

**कोलेगांव।** जनजातीय बैगा कला के संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कबीरधाम जिले के व्याख्यात चित्रकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा को राष्ट्रीय स्तर के लाल बहादुर शास्त्री आदर्श सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इंडियन हेल्थ अवेयरनेस एसोसिएशन द्वारा कला, चित्रकारी, सामाजिक कार्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा जनजातीय बैगा आर्ट के प्रमुख चित्रकार हैं, वे पूर्व में वर्ष 2016 में तिनका तिनका इंडियन अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। वे लंबे समय से स्थानीय स्तर पर युवाओं और महिलाओं को निःशुल्क कला प्रशिक्षण देने तथा पारंपरिक जनजातीय कला को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। बलबीर प्रसाद को राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने से गिरधारीकापा सहित पूरे कबीरधाम जिले में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कलाकारों और शुभचिंतकों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### पिपरिया में गुरू पूर्णिमा श्रद्धाभक्ति से मनाया गया



**पिपरिया।** पीएम श्री सेजस पिपरिया में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चि पर पूजन अर्चन कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात गुरु की महिमा पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें गुरु के महत्व को समझाया गया, आज हमारे जीवन में गुरुकृपा के बिना, हम कुछ भी नहीं है जो कुछ हमें प्राप्त हुआ है वह गुरु की कृपा से ही प्राप्त हुआ है। उक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य विनोद चंद्रवंशी, वरिष्ठ व्याख्याता केएल सिंगरौल, नंदकुमार श्रीमा द्वारा सबको गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं प्रेषित की गई तथा व्याख्याता हंसराज चंद्राकर, देवकी नेताम, अजय कुमार राजेश निषाद, मोनिका सोनी, आरडी खान, वीरेंद्र भूआर्य, सुप्रिया तिवारी के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर मानस मंडली का आयोजन



**कोलेगांव।** ग्राम धनेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बुधवार को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री अंजनी नंदन हनुमान महाराज एवं आशुतोष भगवान शिव के असीम कृपा से पवित्र माह श्रावण में श्रावणमासी श्रीराम चरित मानस गायन का आयोजन प्रारम्भ किया गया, जो कि श्रावण मास तक प्रतिदिन शाम 3 बजे से सायं 7 बजे तक संगीतमय श्रीराम चरित मानस का भव्य श्रीराम कथा एवं भजन गायन कार्यक्रम मां महामाया प्रांगण में किया गया। जिसमें ग्राम धनेली के त्रिवेणी मानस परिवार के सदस्य बल्लू साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू, भागवत ध्रुवें, भोला साहू, कुमार साहू, श्रीराम साहू, बलदाऊ साहू, लखन साहू, उमेश साहू, सुशील साहू, एवं मां महामाया बोलबम समिति, बजरंग दल, समस्त श्रोता गण तथा ग्रामवासी के सहयोग से आयोजन किया जाएगा। जिस पर आसपास के भक्तजनों को श्रीराम चरित्र मानस कथा एवं भजन संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने व सहयोग की अपील की।

### गुरु पूर्णिमा पर पौधारोपण किया गया



**कोलेगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पौधरोपण किया गया एवं गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी, श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, प्रधान पाठिका श्रीमती शकुंतला यदु, सुश्री राजकुमारी तांती, उत्तम कुमार वर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### पेंड्रीकला में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**कोलेगांव।** विगत दिनों कुण्डा क्षेत्रांतर्गत मंडल के बूथ क्रमांक-198 पेंड्रीकला में मन की बात कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण स्थानीय कमेटी एवं कार्यकर्ता साथियों के साथ श्रवण किया गया। मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, नवाचार, स्वदेशी सेवा और सामाजिक जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक माध्यम है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार हम सभी को समाज और राष्ट्रहित में निरंतर योगदान देने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस दौरान भाजपा मंडल कुंडा के अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष धुर्वे, अश्वनी यदु, शेखर चंद्रवंशी, राजेंद्र गवेल, रामकृष्ण सहित स्थानीय सदस्य गण उपस्थित थें।

# अमरकंटक में जिले के कांवड़ियों हेतु निःशुल्क भोजन व विश्राम की सुविधा

- सावन के प्रथम दिन 400 कांवड़ियों का हुआ आगमन, स्वागत कर सेवा की गई: भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

30 जुलाई से सावन का पवित्र महिना प्रारंभ हो गया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर अमरकंटक में जलेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान करेंगे।

उनकी यात्रा को सुखद बनाने के लिए लगातार पांचवे वर्ष भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा मेला मैदान (डोम), नया नगर पालिका के पास अमरकंटक जिला अनुपपुर (म.प्र.) में 30 जुलाई से 24 अगस्त तक सर्वसुविधायुक्त निःशुल्क विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। सावन माह प्रारंभ की पूर्व संध्या लगभग 400 से अधिक कांवड़ियों का आगमन हुआ जहां उनका स्वागत कर उनकी सेवा की गई। सभी ने एक साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया और मां नर्मदा और भगवान भोलेनाथ की भव्य संध्या आरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की।

विगत वर्ष पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा इस सुविधा के माध्यम से लगभग 15,000 से अधिक श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों को लाभ मिला और इस वर्ष भी उसी लक्ष्य के साथ मेला मैदान (डोम) नया नगर पालिका के पास अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों के लिए लिए सुबह चाय-नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि का भोजन, नहाने व विश्राम की व्यवस्था एवं रोजमर्रा की सभी मूलभूत सुविधाओं की यहां पूरी तरह व्यवस्था की गई है और भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्य भी यहां सातों दिन चौबीसों घंटे उनकी सेवा में उपलब्ध हैं ताकि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## यात्रा को सुखद बनाने के लिए लगातार पांचवे वर्ष विधायक की पहल



विधायक भावना बोहरा द्वारा इस वर्ष कबीरधाम जिले से मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक जाने वाले कांवड़ियों की सुविधा के लिए गोपालपुर पंचायत परिसर (मध्यप्रदेश) में विश्राम की भी निःशुल्क व्यवस्था की गई है। पहले इस मार्ग में कांवड़ यात्रियों को विश्राम के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ता था जिसे देखते हुए विधायक भावना बोहरा द्वारा गोपालपुर में उनके विश्राम के लिए समुचित व्यवस्था की गई है ताकि उनकी यात्रा सुगम व सुरक्षित हो। वहीं जलेश्वर महादेव, डोंगरिया भी पंडरिया विधानसभा का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और सावन माह में हजारों श्रद्धालु व कांवड़ यात्री यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं उनकी सेवा के उद्देश्य से पूरे सावन माह तक प्रतिदिन विधायक भावना बोहरा द्वारा कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारा की व्यवस्था भी की गई हैं, जहां सात्विक भोजन दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को उपलब्ध होगा।

## अवैध प्लॉटिंग जारी, प्रशासन की चुप्पी, नदी के प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़

# सकरी नदी पर भू-माफियाओं की नजर अवैध प्लाटिंग से अस्तित्व पर संकट


हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कभी कवर्धा शहर की आधी आबादी के जीवन का आधार रही जीवनदायिनी सकरी नदी आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। एक समय था जब मई और जून जैसे भीषण गर्मी के महीनों में भी सकरी नदी में पानी की सतत धारा बहती थी और शहर के हजारों लोग अपनी दैनिक जरूरतों के लिए इसी नदी के पानी पर निर्भर रहते थे। आज वही नदी अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही है।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कलेक्टर के नाम सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि सकरी नदी से लगे खसरा क्रमांक 190 की 0.6840 हेक्टेयर भूमि तथा खसरा क्रमांक 188.1 की 0.7850 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 10 से 12 फीट तक मिट्टी डालकर अवैध रूप से प्लाटिंग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि नदी के तटबंध और प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ पर्यावरण के साथ-साथ भविष्य में बाढ़, जलभराव और भूजल स्तर पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

आरोप है कि इस पूरे मामले के बावजूद प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। जिला प्रशासन से अवैध प्लाटिंग की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा सकरी नदी के प्राकृतिक स्वरूप और तटबंध की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्राम समनापुर स्थित बिजली कार्यालय के सामने खसरा क्रमांक 191 की शासकीय भूमि पर पहले मिट्टी डालकर अवैध प्लाटिंग के लिए मार्ग का निर्माण किया जा चुका था। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद प्रशासन ने संबंधित क्षेत्र में तार फेंसिंग कर भूमि को सामाजिक भवन निर्माण हेतु सुरक्षित कर दिया। हालांकि आसपास की अन्य शासकीय भूमि पर प्रीकास्ट बाउंड्री बनाकर की गई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं और पूरे क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग हटाने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## सकरी नदी शहर की जीवनदायिनी धारा आज अस्तित्व के संकट में



कवर्धा शहर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली सकरी नदी आज गंभीर संकट का सामना कर रही है। कभी शहर की पहचान रही यह नदी अब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। सकरी नदी का उद्गम भोरमदेव के समीप करिया आमा के जंगलों से होता है। वहां से राजानवागांव और अमलीडीह जैसे गांवों तक नदी का पानी स्वच्छ और निर्मल रूप में बहता है। लेकिन जैसे-जैसे नदी कवर्धा शहर की ओर बढ़ती है, उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जाती है और शहर पहुंचते-पहुंचते नदी लगभग दम तोड़ देती है। हालांकि अतीत में नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए थे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन कलेक्टर रमेश शर्मा के नेतृत्व में जनसहयोग से शहर के भीतर बहने वाले नदी के हिस्से की जेसीबी मशीनों से खुदाई कराई गई। इस अभियान के दौरान नदी से बड़ी मात्रा में जमी गाद हटाई गई, जिससे जलधारण क्षमता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही सरोधा जलाशय को सकरी नदी से जोड़ने की पहल की गई, ताकि गर्मी के मौसम में भी नदी में पर्याप्त जल बना रहे। इस योजना का उद्देश्य भूजल स्तर को बनाए रखना, शहर के वातावरण में ठंडक बनाए रखना तथा नदी के प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित करना था। आज आवश्यकता है कि सकरी नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए फिर से ठोस एवं दीर्घकालिक प्रयास किए जाएं, ताकि यह जीवनदायिनी नदी अपनी पुरानी पहचान और उपयोगिता को पुनः प्राप्त कर सके।

## बस्तर रेजिमेंट का गठन से युवाओं को लाभ मिलेगा: संतोष चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने 26 जून को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर बस्तर रेजिमेंट बनाने का अनुरोध किया गठन का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन है। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश विस्तारक संतोष चद्रवंशी ने कहा भारतीय सेना में बस्तर रेजीमेंट के गठन की पहल केवल सैन्य दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा यह पहल बस्तर के युवाओं को राष्ट्र सेवा का सुनियोजित अवसर प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्र में गौरव, अनुशासन रोजगार और विकास की नई संभावनाओं को भी मजबूत करेगी। उन्होंने कहा बस्तर का शौर्य, साहस और देशभक्ति सदैव प्रेरणादायी रही है। विश्वास है कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं के उज्जवल भविष्य और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। बस्तर रेजीमेंट की लंबे समय से चली आ रही जनभावना को गंभीरता से स्वीकार करते हुए जांच प्रक्रिया प्रारंभ कराने का आश्वासन बस्तर की युवाओं के विश्वास और भविष्य को नई दिशा देने वाला कदम है। श्री चंद्रवंशी ने कहा बस्तर रेजिमेंट गठन से बस्तर के स्थानीय युवा आदिवासी दुर्गम जंगलों और विषम परिस्थितियों में गुरिल्ला युद्ध में माहिर है, उन्होने कहा बस्तर रेजिमेंट गठन से स्थानीय युवाओं को सेना में भर्ती के बेहतरीन अवसर मिलेंगे और क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर मिलेगा। प्रदेश के युवाओं को राष्ट्र सेवा का गौरवशाली अवसर प्राप्त होगा, गृहमंत्री विजय शर्मा के द्वारा रक्षामंत्री से बस्तर रेजिमेंट के मांग करने पर विजय शर्मा का आभार जताया।

# पीजी कॉलेज में गुरु पूर्णिमा का आयोजन

- गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में भारतीय ज्ञान परंपरा, प्राकृतिक देशज संसाधन एवं संस्कृति प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है तथा गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति के जीवन को सही दिशा प्रदान करता है।

कार्यक्रम का संयोजन समिति प्रभारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर सम्मान किया तथा उनके प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं अन्य विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के आदर्शों एवं गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## वन अधिकार कानून के क्रियान्वयण पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**कोलेगांव।** बुधवार को पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम झुलनीया में आदिवासी समता मंच के माध्यम से वन अधिकार कानून के क्रियान्वयण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली प्रथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि गांव के जो महिलाएं को अभी तक यह अवसर प्राप्त नहीं हो पाया कि वे अपने अंदर छिपे प्रतिभा को बाहर ला सकें, लोगों को दिखा सके उसे निखारने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 5, 6 गांव के महिला-पुरूष शामिल हुए थे, जिसमें रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 30 महिलाएं व 18 पुरुष भाग लिए। इस प्रकार का अवसर मिला कि हम अपने अंदर छिपे प्रतिभा को दिखा सके हमेशा काम काज घर कि जिम्मेदारी में उलझे रहते हैं। लेकिन आज हमें भी अपने अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने बाहर लाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बैगा प्रदेश सलाहकार गौठूराम बैगा, बैगा प्रदेश अध्यक्ष ईतवारी मछीया, आदिवासी समता मंच अध्यक्ष श्रीमती इंदू नेताम, कार्यकर्ता अशोक मरावी, हेमंत, मनोज बैगा, जोन्हू राम बैगा व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## विधायक के प्रयासों से पंडरिया नगर को मिली बड़ी सौगात

# ऑडिटोरियम निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



पंडरिया विधानसभा के समग्र विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं व जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरन्तर प्रतिबद्ध विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से आज पंडरिया विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। पंडरिया नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों से पंडरिया नगर में 1 करोड़ 99 लाख 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से 250 सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। पंडरिया में एक ऐसे आधुनिक सभागार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जहां शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से आयोजित किए जा सकें।

अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस स्वीकृति के साथ यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि पंडरिया को यह महत्वपूर्ण विकास कार्य प्राप्त हुआ है। इस महत्वपूर्ण सौगात से नगर सहित संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है और नागरिकों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है। इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए नगरवासियों को बधाई दी।

### नगरवासियो को सर्वसुविधायुक्त मंच उपलब्ध होगी

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया नगर में 250 सीटर ऑडिटोरियम परिसर के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं, कलाकारों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न संस्थाओं को एक आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त मंच उपलब्ध होगा। यहां शैक्षणिक सेमिनार, प्रतियोगी परीक्षाओं के मार्गदर्शन कार्यक्रम, करियर काउंसलिंग, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, साहित्यिक आयोजन, सम्मान समारोह, संगोष्ठियां, सरकारी योजनाओं के जनजागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक बैठकें एक ही स्थान पर सुचारु रूप से आयोजित की जा सकेंगी। हमारी प्राथमिकता पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में शिक्षा, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, युवाओं और सामाजिक विकास को नई गति देना है। उन्होंने कहा कि यह ऑडिटोरियम केवल एक भवन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अवसरों का केंद्र बनेगा।



**समस्या:** ग्राम मगरदा से सामने आई विकास के दावों की हकीकत

# बारिश में तिरपाल तानकर करना पड़ा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के ग्राम मगरदा से सामने आई एक तस्वीर ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के विकास तथा जनसुविधाओं के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव के मुक्तिधाम में टीन शेड नहीं होने के कारण एक ग्रामीण का अंतिम संस्कार परिजनों और ग्रामीणों को बारिश के बीच तिरपाल तानकर करना पड़ा।

शोक की घड़ी में बुनियादी सुविधा के अभाव ने न केवल मृतक के परिजनों की पीड़ा बढ़ा दी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति भी उजागर कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम मगरदा के ग्रामीण वर्षों से मुक्तिधाम में टीन शेड निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत से लेकर संबंधित विभागों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तक कई बार मांग रखी गई, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी।

परिणामस्वरूप बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया भी कठिन परिस्थितियों में पूरी करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम में टीन शेड नहीं होने से बारिश के दौरान शव को भीगने से बचाने के लिए बांस-बल्ली और तिरपाल का अस्थायी इंतजाम करना पड़ता है।

इसके बावजूद चिता के लिए उपयोग की जाने वाली लकड़ियां और कंडे भीग जाते हैं, जिससे अंतिम संस्कार में काफी विलंब होता है और परिजनों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार यह स्थिति केवल असुविधा का विषय नहीं है, बल्कि मृतक के सम्मान और अंतिम संस्कार की गरिमा से भी जुड़ा मामला है। एक ओर परिवार अपने प्रियजन को खोने के दुख से गुजरता है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधाओं के अभाव में मानसिक, शारीरिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मुक्तिधाम में शीघ्र टीन शेड का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी परिवार को इस प्रकार की परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

### वर्षों से ग्रामीण कर रहे हैं मांग, पर नहीं दिए जा रहे कान



ग्रामीणों का कहना है कि मुक्तिधाम में टीन शेड निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को कई बार आवेदन और मौखिक आग्रह किए गए, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास कार्यों के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन अंतिम संस्कार जैसी मूलभूत आवश्यकता भी पूरी नहीं हो सकी है।

### बारिश में बढ़ जाती है परेशानी, लाचार ग्रामीणों को करनी पड़ती है व्यवस्था

बरसात के मौसम में मुक्तिधाम में टीन शेड नहीं होने से अंतिम संस्कार करना बेहद कठिन हो जाता है। शव को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल का सहारा लेना पड़ता है, जबकि लकड़ियां और कंडे गीले होने से चिता जलाने में काफी समय लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी परिस्थितियां शोकाकुल परिवारों की पीड़ा को और बढ़ा देती हैं तथा यह व्यवस्था की गंभीर कमी को दर्शाती हैं।

# स्मार्ट मीटर पर संसद की बात छत्तीसगढ़ में भी लागू हो: अकबर

## पूर्व मंत्री ने कहा-भाजपा सांसद अपनी जिम्मेदारी निभाएं

- जिले में लगातार गरमा रहा है स्मार्ट मीटर का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मुद्दे पर केन्द्र सरकार की घोषित नीति को छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की मांग करते हुए प्रदेश के भाजपा सांसदों से इस विषय पर स्पष्ट पहल करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि संसद में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अप्रैल 2026 में स्पष्ट किया था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी उपभोक्ता पर जबरन नहीं थोपे जा रहे हैं, और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था है और उपभोक्ताओं की सहमति या अनुमति के बिना सामान्य बिजली मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना गैर कानूनी है। अकबर ने कहा कि यदि संसद में केंद्र सरकार का यही आधिकारिक रुख है, तो छत्तीसगढ़ में भी उसी नीति का पालन होना चाहिए।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं के व्यापक विरोध के बाद स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगाई जा सकती है, तो छत्तीसगढ़ में लाखों उपभोक्ताओं की चिंताओं को समान गंभीरता से क्यों नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 65 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें करीब 45 लाख घरेलू तथा 7.4 लाख कृषि उपभोक्ता शामिल हैं।

इतने बड़े वर्ग को प्रभावित करने वाले निर्णय उपभोक्ताओं की सहमति, पारदर्शिता और विश्वास के आधार पर लिए जाने चाहिए, न कि उन पर थोपे जाने चाहिए। अकबर ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध की खबरें सामने आई हैं। कबीरधाम जिले के पांडातराई क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर हटाकर बिजली कार्यालय में जमा कर विरोध दर्ज कराना इस बात का संकेत है कि लोगों की आशंकाओं का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाना चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ से लोकसभा में सत्तारूढ़ दल के दस सांसद जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में उनकी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वे संसद में केंद्र सरकार द्वारा व्यक्त नीति को अपने राज्य में भी लागू कराने के लिए पहल करें। यदि केंद्र सरकार स्वयं कह रही है कि स्मार्ट मीटर वैकल्पिक हैं, तो छत्तीसगढ़ में किसी भी उपभोक्ता पर इन्हें अनिवार्य रूप से नहीं थोपा जाना चाहिए। उन्होंने केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा सांसद चिंतामणि महाराज, बृजमोहन अग्रवाल, राधेश्याम राठिया, संतोष पांडेय, कमलेश जांगड़े, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप और भोजराज नाग से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर स्पष्ट पहल करें और छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी हस्तक्षेप करें।

गौरतलब है कि कवर्धा सहित पूर्व प्रदेश में स्मार्ट मीटर का मुद्दा लगातार गरमाया हुआ है और उपभोक्ता इसका विरोध कर रहे हैं।

### क्या कदम उठा रहे हैं भाजपा के सांसद

अकबर ने कहा कि जनता अब यह जानना चाहती है कि छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसद संसद में केंद्र सरकार द्वारा कही गई बात को राज्य में लागू कराने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। यदि उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं की आवाज सुनी जा सकती है, तो छत्तीसगढ़ के लाखों बिजली उपभोक्ताओं की मांगों और आशंकाओं को भी समान महत्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों को इस मुद्दे पर अपना स्पष्ट रुख सार्वजनिक करना चाहिए, ताकि प्रदेश के उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे।

## खबर संक्षेप

### कर्रानाला बैराज से छोड़ा जा रहा पानी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में लगातार हो रही वर्षा के कारण कर्रानाला बैराज मध्यम परियोजना में जल की आवक लगातार बढ़ रही है। जलस्तर में निरंतर वृद्धि होने से बैराज के जलभराव का स्तर इसकी निर्धारित क्षमता के निकट पहुंचने की संभावना को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा एहतियातन बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्रानाला बैराज के स्पिल चैनल के गेट के माध्यम से 1.35 क्यूमेक्स पानी नदी में डिस्चार्ज किया जा रहा है।

### जिले में 333.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 333.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 335.2 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 281.7 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 2897 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 254.2 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 330.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 229.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 458.1 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 491.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 30 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 11.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 13.9 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 11.8 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 4.9 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 11.4 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 16.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 9.8 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 16.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# नवनियुक्त एल्डरमेन ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा में आज मनोनित पार्षदगणों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सभी मनोनीत पार्षद (एल्डरमेन) ने कवर्धा अनुविभागीय अधिकारी की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जनहित को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। जनप्रतिनिधियों ने नगर के विकास, सुशासन और जनसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनोनीत पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में नगर पालिका परिषद कवर्धा में आयोजित किया गया। समारोह में नवनियुक्त एल्डरमेनों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर के विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समारोह में एसडीएम एवं पीठासीन अधिकारी चेतन साहू ने सभी नवनियुक्त एल्डरमेनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



### कवर्धा नपा में शासन से नियुक्त हुए 5 एल्डरमेन

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद कवर्धा में एल्डरमेनों की नियुक्ति की गई है जिसमें राजेन्द्र सलूजा, मधु तिवारी, शिवकुमारी यादव, निशा साहू, संतोष भारती का नाम शामिल है। सभी पांच एल्डरमेनों को आज पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी के साथ-साथ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष विक्की अग्रवाल, शहर भाजपा महिला मंडल की अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षदगण, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू उपस्थित रहे।

# पंडरिया व बोड़ला में नए कॉलेज भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय क्षेत्र के विकास के लिए राज्य व केंद्र दोनों स्तर पर सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं। गत दिनों उन्होंने रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर जिले के विकास के लिए चार प्रमुख बड़ी मांग की थी।

अब उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की है। सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी को पंडरिया व बोड़ला में संचालित शासकीय कॉलेज भवन की स्थिति के बारे में अवगत कराते हुए नए भवन निर्माण की मांग को लेकर पत्र सौंपा।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि कबीरधाम जिले के विकासखंड मुख्यालय पंडरिया में इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय व बोड़ला में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय संचालित है। ये दोनों जिले के प्रमुख व बड़े केंद्र हैं। पंडरिया में सन् 1984 से कॉलेज संचालित है। वर्तमान में यहां विद्यार्थियों की दर्ज संख्या लगभग 1000 है। यहां स्नातक व स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित होती है। इसी प्रकार बोड़ला कॉलेज सन् 2007 से संचालित है। यहां भी स्नातक व स्नातकोत्तर की कक्षाएँ संचालित है। यहां विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 700 है। इन दोनों कॉलेज में नगर सहित विभिन्न गांव के विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं।

उक्त दोनों स्थानों का कॉलेज भवन दर्ज संख्या के मुताबिक बहुत छोटा है। साथ ही भवन पुराना व जर्जर भी हो गया है। कक्षा संचालन के लिए पर्याप्त कमरे नहीं है। इसके चलते विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कक्षा संचालन में दिक्कत होती है। दो पाली में कॉलेज का संचालन करना पड़ रहा है। इन दोनों स्थानों में नए कॉलेज भवन निर्माण की आवश्यकता है।

सांसद पांडेय ने उक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत पंडरिया व बोड़ला में नया कॉलेज भवन निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया।

# भजन संध्या में गूंजी अद्विका रावत की भक्ति, बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित भजन संध्या एवं कविता वाचन प्रतियोगिता में कक्षा 4 की छात्रा अद्विका रावत ने हे राम चंद्र कह गए सिया से भजन की भावपूर्ण और सुमधुर प्रस्तुति देकर कक्षा 3 से 5 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अद्विका के सुर, लय, ताल और मंच पर आत्मविश्वास से उपस्थित पालकगण, शिक्षक और निर्णायक मंडल मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों से उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अद्विका की इस उपलब्धि पर विशेष सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

प्राचार्या ने कहा कि अद्विका अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उल्लेखनीय है कि अद्विका इससे पहले ऑनलाइन सिंगिंग कॉम्पिटिशन में फर्स्ट रैंक, संभागीय सरस मेले एवं स्वदेशी मेले में शानदार प्रस्तुति, हुनर की खोज द टैलेंट शो के सिटी ऑडिशन में जूनियर वर्ग में फर्स्ट रैंक के साथ ही कॉम्पिटिशन के ग्रैंड फिनाले में अपना सफल प्रदर्शन कर चुकी है।

उसकी इस शानदार उपलब्धि पर माता-पिता, शिक्षकों एवं समस्त साथियों ने गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# वीएसके एप के कारण नहीं रुकेगा शिक्षकों के जुलाई का वेतन भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले सहित प्रदेशभर के शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर सामने आया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जुलाई माह का वेतन केवल वीएसके एप की ई-अटेंडेंस के आधार पर नहीं बनाया जाएगा।

साथ ही बिना कारण जाने किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं रोका जाएगा। यह निर्देश 30 जुलाई को सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में दिया गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वीएसके एप के अटेंडेंस के आधार पर वेतन बनाने के डीपीआई के निर्देश का पुरजोर विरोध किया था, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जुलाई माह के दौरान वीएसके ऐप में कई स्थानों पर तकनीकी और नेटवर्क संबंधी समस्याएं सामने आया है। ऐसे मामलों में पहले वास्तविक कारणों की जांच किया जायेगा। तकनीकी कारणों से किसी शिक्षक का वेतन नहीं रोका जाएगा।




वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में शिक्षा सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने निर्णय का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चंद्राकर आदि ने कहा कि विभाग का यह फैसला हजारों शिक्षकों के हित में है और तकनीकी समस्याओं के कारण किसी कर्मचारी को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

**श्रावण मास के पहले सोमवार को हजारों कांवड़िया करेंगे जलाभिषेक**

# श्रावण मास में भोलेनाथ की भक्ति में डूबा अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देवों के देव महादेव की आराधना का पावन श्रावण मास बुधवार 30 जुलाई से श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया। श्रावण मास के पहले ही दिन धर्मनगरी कवर्धा सहित पूरे कबीरधाम जिले का माहौल शिवमय हो गया।

सुबह से ही जिले के प्रमुख शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। शिवभक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

श्रावण मास के प्रथम दिन कवर्धा स्थित पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर, ऐतिहासिक एवं विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर, जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया सहित जिले के छोटे-बड़े सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों शिवभक्त नर्मदा जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार जिले से कांवड़ियों का पहला जत्था अमरकंटक पहुंच चुका है।

वहां से श्रद्धालु पवित्र नर्मदा जल लेकर पैदल कांवड़ यात्रा प्रारंभ करेंगे और श्रावण मास के पहले सोमवार, 3 अगस्त को कवर्धा पहुंचकर जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया, भोरमदेव मंदिर तथा पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। श्रावण मास के शुभारंभ के साथ ही पूरे जिले में धार्मिक आस्था और शिवभक्ति का वातावरण देखने को मिल रहा है।

आने वाले पूरे महीने मंदिरों में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, कांवड़ यात्रा और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला

### पहले सोमवार को उमड़ेगा आस्था का सैलाब



श्रावण मास का पहला सोमवार 3 अगस्त को होने के कारण जिले के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। अमरकंटक से नर्मदा जल लेकर आने वाले हजारों कांवड़िया जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया, ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर और पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसे लेकर मंदिर समितियों और स्थानीय प्रशासन ने भी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रावण के पहले सोमवार को पूरे जिले में शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# विद्यार्थियों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

स्थानीय महाविद्यालय में गुरुवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. केएस परिहार, राजनीति विज्ञान विभाग की श्रीमती मोना बर्मन तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक विजय को स्मरण करते हुए बताया कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने अदम्य साहस, वीरता और पराक्रम का परिचय देते हुए कारगिल की दुर्गम एवं बर्फीली चोटियों से दुश्मनों को खदेड़कर देश को गौरवपूर्ण विजय दिलाई थी। ऑपरेशन विजय के माध्यम से भारतीय सेना ने सभी महत्वपूर्ण चोटियों पर पुनः तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा गया कि कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडेय, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव एवं राइफलमैन संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों का अद्वितीय साहस और सर्वोच्च बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।



उनके त्याग और राष्ट्रभक्ति से युवाओं को देश की सेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश मिलता है। वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल सैन्य विजय का उत्सव नहीं, बल्कि देशभक्ति, साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अमर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति ईमानदार, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव संपन्न, 14 पदों पर निर्वाचन

# नारायण बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए आज मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। 14 पदों पर हुए इस चुनाव में अध्यक्ष, महिला-पुरूष उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। बुधवार को जिला न्यायालय परिसर में मतदान संपन्न होने के बाद आज अधिवक्ता संघ चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुणेन्द्र साव की उपस्थिति में मतों की गणना की गई। जिसमें जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद के लिए नारायण कनौजे अपने निकटतम प्रत्याशी आदित्य श्रीवास्तव को 205 मतों से परास्त कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर लगभग 1 महीने से चुनाव का माहौल बना रहा है। सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में जमकर प्रचार-प्रसार किया। 655 मतदाता वाले अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए 579 मत पड़े थे और लगभ 84 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। चुनाव प्रचार-प्रसार में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नारायण कनौजे को वरिष्ठ अधिवक्ताओं का भरपूर समर्थन मिला। सभी की निगाह अध्यक्ष पद पर टिकी थी। नारायण कनौजे सहित अन्य पदों के उम्मीदवारों की जीत के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का न्यायालय परिसर में फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान आपसी सद्भाव का वातावरण बना रहा।



### सदस्य हुए निर्वाचित

अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर नारायण कन्नौजे, पुरूष उपाध्यक्ष पद पर अमिताप कुमार, महिला उपाध्यक्ष पद पर सुश्री जया श्रीवास्तव, सचिव पद पर संतोष रजक, सह सचिव पद पर महेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद पर सुश्री सुषमा चौहान और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुरूशंकर नेताम, नरेश कुमार गंजीर, संजीव श्रीवास्तव एवं सुरेन्द्र सिंह ठाकुर निर्वाचित हुए।

### तीन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में तीन पदों के लिए सिंगल नाम होने की वजह से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर नरेन्द्र सेन, ग्रंथालय सचिव पद पर गज्जू लाल सेन और कार्यकारिणी महिला सदस्य के लिए श्रीमती अंजू बारले, सुश्री प्यारी सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसकी घोषणा मतगणना के दौरान की गई।




# 25 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी युवक पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है। वहीं हो-हंगामा करने वाले अनावेदक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी शराब बिक्री हेतु ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर शिवा सिन्हा को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 25 पौवा देशी शराब कीमती 2,500 रुपए तथा बिक्री रकम 300 रुपए बरामद कर जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(ए) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

इसी दौरान इंदिरा नगर क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग कर हंगामा कर रहे गोपेन्द्र साहू के विरुद्ध धारा 170, 126(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

